



गणित

schools.aglasem.com



aglasem.com

1	इनमें से कौन-सी संख्या "छः हज़ार नौ" है?				
	(अ) 60009	(ब) 609	(स) 6900	(द) 6009	( )
2	दिए गए कौनसे विकल्प में दो पूर्णांकों का योग -6 बनता है ?				
	(अ) -2, -8	(ब) -7, -1	(स) -3, -3	(द) 10, -4	( )
3	कौनसा छायांकित भाग आधे के आधे को दर्शा रहा है? 				
	(अ) 1	(ब) 2	(स) 3	(द) 4	( )
4	किसी संख्या को 135 से भाग देने पर शेष 48 बचता है। यदि उसी संख्या को 15 से भाग दियाजाए तो शेषफल क्या होगा ?				
	(अ) 15	(ब) 9	(स) 3	(द) 1	( )
5	1, 8, 27, __, 125 दिए गए पैटर्न के अनुसार रिक्त स्थान पर आने वाली संख्या है ?				
	(अ) 64	(ब) 36	(स) 49	(द) 81	( )
6	2, 10, 15, 17, 20, 23, 40, 56, 59, 87, 97 दी गई संख्याओं में से अभाज्य संख्याएं कितनी है।				
	(अ) 3	(ब) 4	(स) 5	(द) 6	( )
7	अनमोल के खेत के 4/9 भाग में बाजरा ,1/3 भाग में मूंगफली व शेष भाग में ग्वार की फसल है तो बताइए खेत के कितने भाग में ग्वार की फसल बोयी गई है ?				
	(अ) 1/3	(ब) 5/9	(स) 2/3	(द) 2/9	( )
8	कितने 1/8 मिलकर एक पूर्ण इकाई का आधा भाग बनायेगे।				
	(अ) 8	(ब) 6	(स) 4	(द) 2	( )
9	दी गई भिन्न $3\frac{3}{4}$ को संख्या रेखा पर कहां निरूपितकरेंगे। 				
	(अ) A व C के मध्य	(ब) B व C के मध्य	(स) C व E के मध्य	(द) D व E के मध्य	( )


schools.aglasem.com
aglasem.com

10	दी गई आकृति का कितना हिस्सा छायांकित है। 				
	(अ) 3/4	(ब) 1/2	(स) 1/4	(द) 2/3	( )
11	दिए गए चित्र के आधार पर B व C का सही मान कितना होगा, जहां A ,संख्या 162 के अंकों के योग का दुगुना है। 				
	(अ) B=171,C= 12	(ब) B=180 , C= 12	(स) B=189,C= 15	(द)B=108,C= 12	( )
12	5 मीटर में कितने सेंटीमीटर होता हैं ?				
	(अ) 50	(ब) 500	(स) 5000	(द) 5	( )
13	अंक 0, 3 ,5 ,6 और 8 का प्रयोग करने पर 5 अंकों की सबसे छोटी संख्या कौनसी बनेगी ?				
	(अ) 86530	(ब) 30586	(स) 60853	(द) 30568	( )
14	अठानवें हजार नौ सौ नौ को शब्दों में लिखिए।				
	(अ) 98990	(ब) 989009	(स) 89909	(द) 98909	( )
15	6 अंकों की सबसे छोटी संख्या को किस रूप में लिखा जाता है?				
	(अ) दस हजार	(ब) एक लाख	(स) दस लाख	(द) एक करोड	( )
16	1350 सेंटीमीटर लम्बी रस्सी के 9 टुकडे बराबर माप के काटने है तो बताइए कि प्रत्येक टुकड़े की लम्बाई मीटर मे कितनी होगी ?				
	(अ) 1.05 मीटर	(ब) 1.5 मीटर	(स)150 मीटर	(द) .150 मीटर	( )
17	संख्या 98456 में अंक 8 का स्थानीयमान है ?				
	(अ) 800	(ब) 80	(स) 80000	(द) 8000	( )
18	संख्या 28256 में अंक 2 के स्थानीयमान का योगफल हैं ?				
	(अ) 20000	(ब) 20020	(स) 20200	(द) 22000	( )
19	 पासे पर दर्शायी गई संख्याओं का सही समूह है -				
	(अ) सम संख्याएं	(ब) विषम संख्याएं	(स) अभाज्य संख्याएं	(द) भाज्य संख्याएं	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com





20	एक विद्यार्थी 25 किताबें खरीदता है और प्रत्येक किताब की कीमत 205 रुपये है तो किताबों की कुल कीमत क्या है ?				
	(अ) 25205	(ब) 230	(स) 5025	(द) 5125	( )
21	संख्या 54604 के इकाई के अंक को 2 गुणा तथा सैकड़े के अंक में से 3 कम कर दिया जाए तो प्राप्त नई संख्या क्या होगी ?				
	(अ) 54218	(ब) 54916	(स) 54308	(द) 55201	( )
22	संख्या "तीन हजार दो सौ पैंतीस" के दहाई अंक को दुगुना तथा सैकड़े के अंक चौगुना कर दिया जाए तो बनने वाली नई संख्या कौन -सी होगी ?				
	(अ) 3285	(ब) 3865	(स) 6865	(द) 3685	( )
23	यदि 6 कुर्सियों को पेंट करने की लागत 2700 रुपये है, तो एक कुर्सी को पेंट करने की लागत क्या होगी?				
	(अ) 350 रुपये	(ब) 450 रुपये	(स) 440 रुपये	(द) 430 रुपये	( )
24	यदि आप सुबह उगते सूरज की ओर मुंह करके खड़े हैं, तो आपका बाएँ हाथ किस दिशा में होगा ?				
	(अ) उत्तर	(ब) दक्षिण	(स) पूर्व	(द) पश्चिम	( )
25	किस आकृति में चार भुजाएँ और चार कोण हैं, सभी भुजाएँ बराबर हैं और सभी कोण 90 डिग्री के हैं ?				
	(अ) वर्ग	(ब) वृत	(स) आयत	(द) त्रिभुज	( )
26	निम्न सारणी में प्रत्येक वस्तु का विवरण दिया गया है, तन्मय दुकान से 2 माचिस, 1 चॉकलेट तथा 2 पेंसिल खरीदता है तो बताइए उसने कितने रुपए खर्च किए  ?				
	(अ) 9.00 रुपए	(ब) 10.25 रुपए	(स) 7.50 रुपए	(द) 11.75 रुपए	( )
27	एक वर्ग का क्षेत्रफल 36 सेमी^{2} है तो वर्ग का परिमाप ज्ञात कीजिए-				
	(अ) 6 सेमी	(ब) 12 सेमी	(स) 24 सेमी	(द) 20 सेमी	( )
28	वर्गाकार आकृति ABCD का क्षेत्रफल कितना होगा यदि इसमें रखी एक वर्गाकार टाईल का परिमाप 40 सेमी है ? 				
	(अ) 640 वर्ग सेंमी	(ब) 160 वर्ग सेंमी	(स) 1600 वर्ग सेंमी	(द) 2000 वर्ग सेंमी	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

29	105 लिफाफे का मूल्य ₹315 है तो ₹150 में कितने लिफाफे खरीदे जा सकेंगे ?				
	(अ) 30	(ब) 450	(स) 50	(द) 360	( )
30	एक संख्या 5783 है इसके इकाई व सैकडे के स्थान के अंकों को एक दूसरे से बदलने पर प्राप्त होने वाली संख्या मूल संख्या से कितनी कम या अधिक है।				
	(अ) 396 अधिक	(ब) 396 कम	(स) 1998 कम	(द) 1989 अधिक	( )
31	संख्या 54_7, अंक 3 से विभाज्य है तो रिक्त स्थान में आने वाले अंक बताइए जिससे संख्या 3 से विभाज्य हो जाए।				
	(अ) 2,5,8	(ब) 3,6,9	(स) 3,5,8	(द) 2,5,9	( )
32	संख्या 735_3 में रिक्त स्थान में आने वाले अंक बताइए जिससे संख्या 9 से विभाज्य हो जाए।				
	(अ) 3,6	(ब) 3,9	(स) 0,9	(द) 0,6	( )
33	संख्या 5384_2 में रिक्त स्थान में आने वाला सबसे छोटा तथा सबसे बड़ा अंक बताइए जिससे संख्या 3 से विभाज्य हो जाए।				
	(अ) 3,9	(ब) 2,8	(स) 3,8	(द) 2,9	( )
34	संख्या 753_4 में रिक्त स्थान में आने वाली सबसे छोटी संख्या बताइए जिससे संख्या 6 से विभाज्य हो जाए।				
	(अ) 3	(ब) 6	(स) 5	(द) 2	( )
35	$\frac{3}{7}$ की तुल्य भिन्न ज्ञात कीजिए जिसका हर 63 है ?				
	(अ) 3/63	(ब) 63/27	(स) 27/63	(द) 63/3	( )
36	$\frac{24}{48}$ की तुल्य भिन्न ज्ञात कीजिए जिसका अंश 4 है ?				
	(अ) 4/48	(ब) 48/4	(स) 8/4	(द) 4/8	( )
37	दी गई आकृति का कितना भाग छायांकित है  ?				
	(अ) ¼	(ब) ¾	(स) 1/2	(द) 4/5	( )
38	किस आकृति में 8 शीर्ष, 6 आयताकार फलक और12 किनारे होते हैं।				
	(अ) शंकु	(ब) गोला	(स) पिरामिड	(द) घनाभ	( )
39	मिशु के हाथ में एक वस्तु है, जिसकी चार भुजाएँ हैं, लेकिन वे सभी समान नहीं हैं, विपरीत भुजाएँ बराबर हैं, कोण समकोण हैं तो मिशु के हाथ में कौनसी वस्तु है ?				
	(अ) घन	(ब) घनाभ	(स) वर्ग	(द) आयत	( )

schools.aglasem.com

aglasem.com

40	घड़ी में 6:00 बजे घंटे व मिनट की सुइयों के मध्य बनने वाला कोण है -				
	(अ) समकोण	(ब) न्यूनकोण	(स) अधिक कोण	(द) सरल कोण	( )
41	एक आम का वजन 200 ग्राम है। एक दर्जन आमों का वजन किलोग्राम में कितना होगा ?				
	(अ) 240 किलोग्राम	(ब) 24 किलोग्राम	(स) 2.4 किलोग्राम	(द) 240 ग्राम	( )
42	यदि एक दुकान से आप 35 रुपये प्रति किताब की दर से 4 किताबें और 15 रुपये प्रति पेन की दर से 2 पेन खरीदते हैं, तो आप कुल कितने रुपये देंगे?				
	(अ) 140	(ब) 170	(स) 155	(द) 242	( )
43	निम्न आकृति का परिमाप ज्ञात कीजिए  ?				
	(अ) 33 मीटर	(ब) 37 मीटर	(स) 40 मीटर	(द) 42 मीटर	( )
44	इनमें से कौन-सा विकल्प 7 का एक गुणनखंड है ?				
	(अ) 1	(ब) 14	(स) 21	(द) 49	( )
45	नीचे दी गई संख्या रेखा पर ? से चिन्हित भिन्न कौन-सी है ? 				
	(अ) $4\frac{1}{5}$	(ब) $4\frac{1}{2}$	(स) $4\frac{3}{10}$	(द) $4\frac{5}{9}$	( )
46	दी गई आकृति का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए ? 				
	(अ) 6 वर्ग सेंटीमीटर	(ब) 7 वर्ग सेंटीमीटर	(स) 5 वर्ग सेंटीमीटर	(द) 4 वर्ग सेंटीमीटर	( )
47	एक आयत की लंबाई 8 सेमी और चौड़ाई 6 सेमी है।आयत में 4 सेंटीमीटर लंबाई वाली भुजाओं वाला एक वर्ग बनाया गया है। छायांकित क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। 				
	(अ)36 वर्ग सेंटीमीटर	(ब) 48 वर्ग सेंटीमीटर	(स) 24 वर्ग सेंटीमीटर	(द)32 वर्ग सेंटीमीटर	( )


schools.aglasem.com

aglasem.com


48	(-5)+8 के हल का सही विकल्प है ?				
	(अ) -13	(ब) 3	(स) -3	(द)13	( )
49	त्रिभुज△ PQR में यदि PQ + QR =10 सेंटीमीटर,QR+PR =12 सेंटीमीटर तथा PR+PQ =16 सेंटीमीटर हो ,तो त्रिभुज का परिमाप है ?				
	(अ) 17	(ब) 19	(स) 22	(द) 28	( )
50	एक विद्यार्थी रोजाना 6 गिलास पानी पीता है। विद्यार्थी द्वारा मार्च महीने में पिए जाने वाले कुल गिलासों की संख्या है ?				
	(अ) 60	(ब) 180	(स) 186	(द) 37	( )
51	50 और 150 के मध्य 17 से विभाजित होने वाली कितनी संख्याएं हैं?				
	(अ) 5	(ब) 6	(स) 7	(द) 8	( )
52	सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए। जिसे 28 और 32 से विभाजित करने पर क्रमशः 8 और 12 शेष रहता है?				
	(अ) 244	(ब) 224	(स) 204	(द) 196	( )
53	15 और 25 के लिए सबसे छोटा गुणज कौनसा है ?				
	(अ) 75	(ब) 50	(स) 25	(द) 15	( )
54	मैं 660 और 666 के बीच की संख्या हूं। मैं 3 से विभाज्य हूं लेकिन 6 से नही मैं कौनसी संख्या हुं ?				
	(अ) 661	(ब) 662	(स) 663	(द) 664	( )
55	16 का 12 वां गुणज है ?				
	(अ) 182	(ब) 192	(स) 1129	(द) 1216	( )
56	किन्ही तीन अभाज्य संख्याओं का योग"593" होता हैं। तो ऐसी संख्याओं का समूह है?				
	(अ)103+178+312	(ब) 101+180+312	(स)103+179+311	(द)179+312+102	( )
57	नीचे दी गई संख्याओं में यदि गोल किए गए अंकों को 8 में बदल दिया जाता है। तो कौन-सी संख्या सबसे अधिक बड़ी हो जाती है। 				
	(अ) 6521	(ब) 5678	(स) 6354	(द) 6873	( )

schools.aglasem.com






aglasem.com

58	यदि प्रत्येक पंक्ति और स्तम्भ का योग समान है। तो X और Y का मान क्या होगा ?  				
	(अ) X = 3, Y= 4	(ब) X = 4, Y= 3	(स) X = 5, Y= 3	(द) X = 3, Y= 5	( )
59	शादी के कार्यक्रम में एक 45 लीटर का भगोना ज्यूस से भरा हुआ था, वहां खड़ा एक लड़का उस भगोने में से भरें गये मगों की संख्या 60 गिनता है, तो बताइए कि उस मग की धारिता कितनी थी ?				
	(अ) 1 लीटर	(ब) 1/2 लीटर	(स) 3/4 लीटर	(द) 1/4 लीटर	( )
60	निम्नलिखित संख्याओं का सही आरोही क्रम है - 3504, 3540, 3045, 4305, 3450				
	(अ) 3504 < 3540 < 3045 < 4305 < 3450	(ब) 3045 < 4305 < 3450 < 3504 < 3540	(स) 3045 < 3450 < 3504 < 3540 < 4305	(द) 3504 < 3540 < 3045 < 4305 < 3450	( )
61	निम्नलिखित में से कौन सी आकृति त्रिविमीय है?				
	(अ) 	(ब) 	(स) 	(द) 	( )
62	निम्न में से 65 के दो अभाज्य गुणनखंड हैं ?				
	(अ) 1 और 64	(ब) 5 और 13	(स) 5 और 60	(द) 13 और 15	( )
63	संख्या 457 मे कम से कम कौन सी संख्या जोड़े या घटायें कि संख्या में 3 का पूरा भाग चला जाए?				
	(अ) 0	(ब) 1	(स) 5	(द) 2	( )
64	हल कीजिए – 278 सेमी =___ मीटर				
	(अ) 27.8	(ब) 2.78	(स) 0.278	(द) 27800	( )



schools.aglasem.com
aglasem.com

65	निम्नलिखित में से कौन सी भिन्न P से बड़ी और 2 से छोटी है ? 				
	(अ) $\frac{2}{3}$	(ब) $\frac{3}{4}$	(स) $2\frac{1}{4}$	(द) $1\frac{3}{4}$	( )
66	दी गई आकृति में कितने किनारे हैं ? 				
	(अ) 4	(ब) 3	(स) 2	(द) 1	( )
67	हल कीजिए - 135 मिनट =__ घंटे ___ मिनट				
	(अ) 1 घंटा 35 मिनट	(ब) 2 घंटे 15 मिनट	(स) 2 घंटे 35 मिनट	(द) 1 घंटा 15 मिनट	( )
68	निम्नलिखित संख्याओं का कौन सा जोड़ा 8 के गुणज को प्रदर्शित करता है?				
	(अ) 1, 8	(ब) 2, 4	(स) 18, 28	(द) 16, 56	( )
69	दिए गए चित्र में त्रिभुजों की कुल संख्या कितनी है ? 				
	(अ) 10	(ब) 11	(स) 13	(द) 15	( )
70	3 मजदूर विद्यालय में एक कमरे का निर्माण 15 दिन में करते हैं तो बताइए कि इस काम को पूरा करने में 9 मजदूर कितने दिन लगाएंगे ?				
	(अ) 5	(ब) 8	(स) 9	(द) 15	( )
71	एक व्यक्ति उदयपुर से 17:00 बजे प्रस्थान करता है ,7 घंटे बाद वह अजमेर पहुंचता है, वहां से घर जाने में 4 घंटे लेता है तो बताइए कि वह व्यक्ति घर कितने बजे पहुंचेगी				
	(अ) 24:00 बजे	(ब) 4:00 बजे सायं	(स) 4:00 बजे प्रातः	(द) 12:00 बजे	( )
72	एक आयत तथा दो वृत्त से मिलकर कौन-सी त्रिविमीय आकृति बना सकते हैं।				
	(अ) घन	(ब) घनाभ	(स) शंकु	(द) बेलन	( )
73	दो वर्गाकार शीट तथा चार आयताकार शीट से कौन सी त्रिविमीय आकृति बन सकती हैं ?				
	(अ) घन	(ब) घनाभ	(स) शंकु	(द) बेलन	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

74	दी गई आकृति का एक कोना काट दिया जाए तो इसके परिमाप में क्या परिवर्तन होगा परिमाप ज्ञात कीजिए 				
	(अ) परिमाप का मान अधिक हो जाएगा	(ब) परिमाप का मान कम हो जाएगा	(स) परिमाप का मान अपरिवर्तित रहेगा	(द) परिमाप अनियमित हो जाएगा	( )
75	दी गई आकृतियों में समान परिमाप वाली आकृतियों का युग्म चुने ? 				
	(अ) A तथा B	(ब) B तथा D	(स) A तथा D	(द) A तथा C	( )
76	यदि प्रत्येक वर्ग की भुजा की लम्बाई 1इकाई हैं तो निम्नलिखित में से किसका परिमाप अधिकतम होगा ? 				
	(अ) A	(ब) B	(स) C	(द) D	( )
77	Y – X का मान ज्ञात कीजिए - 				
	(अ) 2	(ब) 3	(स) 4	(द) 5	( )
78	निम्नलिखित आकृति का परिमाप होगा- 				
	(अ) 35 सेमी	(ब) 7 सेमी	(स) 49 सेमी	(द) 28 सेमी	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

79	दिए गए चित्र में छायांकित भाग का क्षेत्रफल है- 				
	(अ) 16 सेमी^{2}	(ब) 44 सेमी^{2}	(स) 52 सेमी^{2}	(द) 60 सेमी^{2}	( )
80	सांची दो संख्याओ के बारे में सोचती है। उन संख्याओं के बीच का अंतर 8 है , संख्याओं का गुणनफल 128 है और दोनों सम संख्याएं हैं तो संख्याओं के मान का योग और छोटी संख्या के मान क्रमशः क्या है ?				
	(अ) 28,4	(ब) 24,8	(स) 32,8	(द) 24,16	( )
81	मोहन के पास ₹200 हैं। उसने 20 पेंसिल ₹3 की दर से तथा 20 पेन ₹5 की दर से ख़रीदे, तो बताओ उसके पास कितने रुपए शेष रहे?				
	(अ) ₹160	(ब) ₹248	(स) ₹100	(द) ₹40	( )
82	रविवार के दिन 120 विद्यार्थियों को टॉय ट्रेन भ्रमण ले जाया गया। यदि टॉय ट्रेन में 6 डिब्बे हैं ,व प्रत्येक डिब्बे में 5 विद्यार्थी बैठ सकते हैं। तो सभी विद्यार्थियों को टॉय ट्रेन भ्रमण करवाने के लिए टॉय ट्रेन को कितने चक्कर लगाने पड़ेंगे ?				
	(अ) 90	(ब) 30	(स) 4	(द) 3	( )
83	यदि कक्षा 4 के 4 सेक्शन में कुल विद्यार्थियों की संख्या 160 है तो D सेक्शन के विद्यार्थियों की संख्या ज्ञात कीजिए- 				
	(अ) 42	(ब) 41	(स) 40	(द) 39	( )
84	नीचे दी गई सारणी में कोटा बस स्टैंड से अलग-अलग स्थान के लिए जाने वाली बसों के प्रस्थान का समय दिखाया गया है। नरेश रात 22:45 बजे कोटा बस स्टैंड पहुंचता है। वह अगली बस से गंगानगर जाना चाहता है। उसे बस स्टैंड पर कितनी देर रुकना होगा ?				
	(अ) 15 मिनट	(ब) 90 मिनट	(स) 100 मिनट	(द) 105 मिनट	( )


स्थान	प्रस्थान का समय			
उदयपुर	8:15	10:00	22:00	22:45
जयपुर	9:45	18:00	19:15	20:00
गंगानगर	22:30	0:15	1:15	2:00
जोधपुर	15:00	21:15	22:20	23:15

schools.aglasem.com
aglasem.com

85	एक वर्ग का परिमाप 12 सेंटीमीटर है तो उस वर्ग का क्षेत्रफल है -				
	(अ) 144 सेमी	(ब) 24 वर्ग सेमी	(स) 9 वर्ग सेमी	(द) 48 सेमी	( )
86	हल कीजिए - 4500 ग्राम = __ किलो__ग्राम				
	(अ)4 किलो500ग्राम	(ब) 40 किलो 5 ग्राम	(स) 4 किलो 50 ग्राम	(द)40किलो500ग्राम	( )
87	आस्था 840 रु लेकर बाजार जाती है 210 रु मूल्य वाली एक टी शर्ट खरीदती है अब शेष राशि से इसी मूल्य वाली कितनी और टी शर्ट्स खरीदी जा सकती हैं				
	(अ) 4	(ब) 3	(स) 2	(द) 5	( )
88	3.5 लीटर निम्नलिखित में से किसके बराबर होता है ?				
	(अ) 3005 मिली	(ब) 350 मिली	(स) 3500 मिली	(द) 35 मिली	( )
89	एक गांव के बीच में बने वर्गाकार चबूतरे की लम्बाई 15 फीट तो चबूतरे का क्षेत्रफल कितना होगा ?				
	(अ) 30 फीट	(ब) 60 फीट	(स) 225 फीट	(द) 225 वर्ग फीट	( )
90	90° से अधिक व 180° से कम के कोण को कहते है -				
	(अ) समकोण	(ब) न्यूनकोण	(स) सरल कोण	(द) अधिक कोण	( )
91	दिए गए पैटर्न को पहचानकर ग़लत संख्या को चुनिए 0 ,3 ,7, 15 ,24, 35,---				
	(अ) 7	(ब) 15	(स) 24	(द) 35	( )
92	दिए गए विकल्पों में से असत्य कथन को छांटिए-				
	(अ) आयत का क्षेत्रफल = लंबाई × चौड़ाई	(ब) वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा× भुजा	(स)आयत का परिमाप = 2 (लंबाई×चौडाई)	(द) वर्ग का परिमाप = 4 × भुजा	( )
93	यदि 305 ÷12 का भागफल 25 है और शेषफल 5 है तो इनमें से कौन सा विकल्प सही होगा				
	(अ) (305-5) ÷12	(अ) (305+5) ÷12	(अ) (305÷5) -12	(अ) (305÷5) +12	( )
94	यदि एक आयत की लंबाई 5 सेंटीमीटर तथा उसका परिमाप 16 सेंटीमीटर है तो उसे आयत का क्षेत्रफल होगा				
	(अ) 15 वर्ग सेमी	(ब) 21 वर्ग सेमी	(स) 11 वर्ग सेमी	(द) 25 वर्ग सेमी	( )

schools.aglasem.com

aglasem.com

95	50 मीटर दक्षिण की ओर चलने के बाद तन्मय दाएं मुड़ता है और 200 मी चलकर अपने स्कूल पहुंचता है। अब उसका मुख किस दिशा में है ?				
	(अ) पूर्व	(ब) पश्चिम	(स) उत्तर	(द) दक्षिण	( )
96	कक्षा 6 की 30 विद्यार्थियों के द्वारा खेले जाने वाले खेलों का दंड आरेख निम्नानुसार है – दंड आरेख का अवलोकन कर बताइए कि क्रिकेट और बैडमिंटन खेलने वाले विद्यार्थियों की संख्या में कितना अंतर है?  				
	(अ) 4	(ब) 2	(स) 6	(द) 8	( )
97	संख्याओं के पैटर्न को समझकर बताइए कि इस पैटर्न में कौन सी संख्या गलत है ? 3, 7, 11, 15, 20, 23, 27				
	(अ) 11	(ब) 15	(स) 20	(द) 23	( )
98	अंक 5,7,3 से मिलकर बनने वाली सबसे बड़ी तथा सबसे छोटी संख्या में अंतर होगा				
	(अ) 1110	(ब) 296	(स) 396	(द) 753	( )
99	अनुष्का 50 मीटर भुजा वाले वर्गाकार चबूतरे के एक चक्कर लगाती है और निधि 30 मीटर लंबाई व 25 मीटर चौड़ाई वाले आयताकार पार्क के चारों ओर दौड़ती है ,तो बताइए कि दोनों के बीच की दूरी का अंतर कितना रहा ?				
	(अ) 10 मीटर	(ब) 25 मीटर	(स) 90 मीटर	(द) 50 मीटर	( )
100	एक बच्चे के हाथ में 50 सेंटीमीटर लंबा धागा है, यदि वह उसका एक वर्ग बनता है तो बताइए उस वर्ग की भुजा की लंबाई कितनी होगी ?				
	(अ) 10 सेमी	(ब) 12 सेमी	(स) 12.5 सेमी	(द) 25 सेमी	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

उत्तरमाला									
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
द	स	द	स	अ	स	द	स	स	स
11	12	13	14	15	16	17	18	19	20
ब	ब	द	द	ब	ब	द	स	स	द
21	22	23	24	25	26	27	28	29	30
स	ब	ब	अ	अ	द	स	स	स	ब
31	32	33	34	35	36	37	38	39	40
अ	स	ब	द	स	द	स	द	द	द
41	42	43	44	45	46	47	48	49	50
स	ब	द	अ	ब	स	द	ब	ब	स
51	52	53	54	55	56	57	58	59	60
ब	स	अ	स	ब	स	स	ब	स	स
61	62	63	64	65	66	67	68	69	70
स	ब	ब	ब	द	द	ब	द	स	अ
71	72	73	74	75	76	77	78	79	80
स	ब	ब	स	स	स	अ	अ	ब	ब
81	82	83	84	85	86	87	88	89	90
द	स	द	ब	स	अ	ब	स	द	द
91	92	93	94	95	96	97	98	99	100
अ	स	अ	अ	ब	स	स	स	स	स

schools.aglasem.com

aglasem.com